# बीएल वर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता जोड़ो अभियान की समीक्षा की

## बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर, मिशन 2027 की तैयारियों पर चर्चा




**फिरोजाबाद।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों और सभी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठनात्मक कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मतदाता जोड़ो अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान में तेजी लाने और अधिक से अधिक नए मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक में बीएल वर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, जनसेवा और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व पदाधिकारियों का अनुभव, समर्पण और उत्साह संगठन की ताकत है। सामूहिक प्रयासों से मिशन 2027 के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर नए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने तथा उन्हें पार्टी की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री को भरोसा दिलाया कि जिले में संगठन पूरी एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारी बूथ स्तर पर प्रवास कर रहे हैं।

बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गिर्राज सिंह कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी डॉ. अमित गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी, महेश राजपूत, अविनाश सिंह भोले, आकाश शर्मा, ओमेन्द्र बघेल, योगेंद्र सिंह चौहान, आकाश गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह, डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत, दीपक राजोरिया, सतेन्द्र भारद्वाज, पवन चक, शीलू सविता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भगवती आयल इम्पोरियम का देवकी नंदन ठाकुर ने किया उदघाटन

**शिकोहाबाद।** मैनपुरी रोड स्थित अरांव में शुक्रवार दोपहर चार बजे भगवती आयल इम्पोरियम का देश के प्रख्यात कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने उद्घाटन किया। इसके साथ ही यह पेट्रोल पंप आम जनता की सेवा के लिए तत्पर हो गया।

देवकी नंदन ठाकुर का पेट्रोल पंप स्वामी शिव कुमार उपाध्याय और पारस उपाध्याय ने अपने परिवार सहित पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी में संस्कारों का अभाव होता जा रहा है। हमें बच्चों को संस्कारबान बनाना है। उन्होंने कहा कि आज महती आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों को मोबाइल और रील बनाने से रोक कर उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज देश में कोई मस्जिद, चर्च व अन्य धर्म स्थलों को सरकार ने अधीन में नहीं लिया है। लेकिन हमारे मंदिरों को सरकार अपने कब्जे में लिये है। उन्होंने कहा कि मंदिरों से सरकार अपना नियंत्रण समाप्त करे और सनातन बोर्ड बनाए और उस पैसे से हिंदू बच्चों को संस्कार बनाने के लिए गुरुकुलम की स्थापना हो। जिससे हमारे बच्चों को संस्कार मिल सकें। उन्होंने कहा कि विकास केवल पैसा कमाने से नहीं होता है। विकास हमारे विचारों, संस्कारों और बच्चों को अच्छा बनाने से होगा। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि वे अपनी आने वाली पीढ़ी को बचाना है तो उन्हें संस्कार दें। मंच पर शिव कुमार उपाध्याय, पारस उपाध्याय और बालाजी महंत मनीष भारद्वाज ने देवकीनंदन ठाकुर को बालाजी महाराज का चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, बालाजी महंत मुनीष भारद्वाज, रघुवर दयाल गुप्ता, चेयरमैन रानी गुप्ता, सीए अवधेश पाठक, राजीव गुप्ता, ठाकुर अश्वनी कुमार, अनुवृत यादव, अनिल बंसल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर का आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस ने गैंगस्टर को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। नसीरपुर पुलिस ने गैंगेस्टर में वांछित चल रहे एक आरोपी अमित शर्मा निवासी ग्राम फतेहपुर कर्खा को एक तमंचा व कारतूस सहित फतेहपुर कर्खा अण्डर पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध जनपद के भिन्न-भिन्न थानों पर लूट,गैगस्टर एक्ट व अन्य धाराओं के अभियोग पंजीकृत है। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

## शिकायत करने गई महिला और उसके पति को पीटा, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** घर से बाजार में खरीददारी करने गई किशोरी से रुकनपुर मोहल्ला का एक युवक उसका पीछा करने लगा और कुछ अश्लील फब्तियां कसीं। जब किशोरी ने उसकी जानकारी अपने घर आकर मां को दी, तो पीड़िता की मां और पिता आरोपित युवक के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि यहां आरोपित और उसके स्वजनों ने उनके साथ मारपीट की। जिसमें दोनों के चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दीहै।कटरा मीरा निवासी महिला अन्जुम बेगम ने थाने में तहरीर द है। जिसमें उसने कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बुध बाजार में खरीददारी करने गई थी। तभी अदनान उसकी पुत्री का पीछा करने लगा और कुछ बोल रहा था। जब यह बात उसकी बेटी ने बताई तो वह अपनी पुत्री के साथ आरोपित युवक अदनान निवासी रुकनपुर को देखने बुधवार साम सात बजे रोटी बैंक के पास पहुंची अदनान उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने अपने पति को बुलाया तो आरोपित युवक ने अपने परिजन मुकीम, लईक, राजू, जुबैर, अनस निवासी रुकनपुर नाइयों वाली मस्जिद को बुला लिया। उक्त युवकों ने उसके पति के साथ मारपीट की। जब उसने बचाया तो उसे भी मारा पीटा। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालेज की कहकर गई छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** घर से कालेज पढ़ने की कह कर गई छात्रा साम तक घर नहीं पहुंची, तो उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दीहै।

खैरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि उसकी पुत्री 16 नवंबर को सुबह नौ बजे अपने कालेज परीक्षा देने की जाने की कह कर निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं आई तो उसकी तलाश की। जब उसका पौत्र दोपहर दो बजे उसे कालेज से लेने पहुंचा, तो पता चला कि वह कालेज आई लेकिन दस मिनट बाद ही चली गई। उसने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी को अंशुल और मोहित बघेल निवासी बिल्टीगढ़ ही बहला फुसला कर अपने साथ ले गये हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए किया जागरूक, फॉर्म-6 भरवाए




**अग्र भारत संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मतदाता सूची में पात्र युवाओं के नाम शामिल कराने के लिए शुक्रवार को सुगरा बेगम गर्ल्स इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पात्र छात्राओं से मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरवाए गए और निर्वाचन आयोग के श्वष्टढ्ढहृश्वञ्ज एप की जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा और उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल के निर्देशन में आयोजित अभियान में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शर्मा ने छात्राओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। विद्यालय स्टाफ के मोबाइल फोन में श्वष्टढ्ढहृश्वञ्ज एप इंस्टॉल कराकर इसके माध्यम से मिलने वाली निर्वाचन संबंधी सुविधाओं और ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी भी दी गई। छात्राओं और स्टाफ को 28 व 29 नवंबर को आयोजित होने वाले विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के बारे में बताया गया। जानकारी दी गई कि जिन युवाओं की आयु एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूरी हो रही है या इससे अधिक है, वे फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। युवाओं को स्वयं जागरूक होने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी पंजीकरण के लिए प्रेरित करना चाहिए।

प्रधानाचार्या जाकिया सुल्तान ने मतदाता जागरूकता को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए अभियान में विद्यालय की ओर से सहयोग का भरोसा दिया। डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने भी पात्र युवाओं से विशेष अभियान में पंजीकरण कराने की अपील की।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग सिविल लाइन फिरोजाबाद

पत्रांक : 2148/6ए0 दिनांक : 23.11.2026

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

1. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0 फिरोजाबाद द्वारा लोक निर्माण विभाग में मार्ग के रोड साइनेज कार्य हेतु सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 4 को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2.

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | अधि.अभि. के कार्यालय का पता | अधी. अभि. के कार्यालय का पता | मुख्य अभि. कार्यालय का पता | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | फिरोजाबाद | पुलिया निहाल सिंह से असन चौराहा फिरोजाबाद जलेसर मार्ग पर रोड साइनेज का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 500+300+144 (Rs. 944.00) | 2 Month | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि., फिरोजाबाद | कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मैनपुरी वृत्त, लो.नि.वि., मैनपुरी | कार्यालय मुख्य अभियन्ता आगरा क्षेत्र, लो.नि.वि., आगरा | रोड साइनेज कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आनलाइन देखे जा सकते है तथा दिनांक 04.12.2026 से 11.12.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाईन बिड दिनांक 11.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 11.12.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे प्रहरी एवं ई–टेण्डर पोर्टल पर खोली जायेगी।
4. शासनादेश संख्या–317/तेईस–2–2018–176 सं0/2006 टी0सी0–1 दि0 10.04.2019 के अन्तर्गत धरोहर धनराशि कॉलम सं0–5 के अनुसार तथा निविदा शुल्क कॉलम सं0–6 के अनुसार भुगतान ऑनलाइन (नैट बैंकिग) द्वारा किया जायेगा।
5. निविदा की अन्य शर्तें टी0–1 में देखी जा सकती है एवं अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

उ.प्र. 262026 दिनांक 27/11/2026
Website: www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नि0खं0–2, लो0नि0वि0, फिरोजाबाद



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग आगरा

ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना

पत्रांक : 2535/10ए/2026 दिनांक : 20.11.2026

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधिषासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि., आगरा, द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा डाल सकता है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2.

| क्र सं | जिला | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (A) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | आगरा | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत अम्बेडकर ग्राम सिहोरगढ़ एत्मादपुर में परिक्रमा मार्ग। | 19.20 | 1.92 | निविदा का मूल्य + जीएसटी + स्टेशनरी चार्ज = रू. 860.00 | 02–माह | अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–2, लो.नि.वि., आगरा | अधीक्षण अभियन्ता, आगरा वृत्त लो0नि0वि0, आगरा | मुख्य अभियन्ता, आगरा क्षेत्र, लो0नि0वि0 आगरा | ए,बी, सी, डी |
| 2 | आगरा | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत सुलहकुल नगर हनुमान नगर व कृष्णपुरी ट्रांसफार्मर से शक्ति नगर तक के आबादी हनुमान नगर के क्षतिग्रस्त भाग में सी0सी0 मार्गए नाली मरम्मत एवं इन्टरलॉकिंग टाइल का कार्य। | 25.30 | 2.53 | निविदा का मूल्य + जीएसटी + स्टेशनरी चार्ज = रू. 960.00 | 02–माह | अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–2, लो.नि.वि., आगरा | अधीक्षण अभियन्ता, आगरा वृत्त लो0नि0वि0, आगरा | मुख्य अभियन्ता, आगरा क्षेत्र, लो0नि0वि0 आगरा | ए,बी, सी, डी |

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफ्टवेयर पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन दि0 04.12.2026 से 11.12.2026 तक उपलब्ध होंगे। आन लाइन बिड दिनांक 11.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in एवं शासनादेश सं0–14/2020/879/23–7–2020–176(सा0)/06 दिनांक 25.08.2020 के क्रम में प्रहरी साफ्टवेयर (http://roc.uppwd.gov.in/Prahari) पर अनिवार्य रूप से सभी वांछित अभिलेखों सहित ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 11.12.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
4. शासनादेश संख्या–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 23 मई, 2026 प्रभावी रहेगा।

उ.प्र. 261985 दिनांक 26/11/2026
Website: www.upgov.nic.in

(जी0के0 वार्ष्णेय)
अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–2, लो0नि0वि0, आगरा



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग मैनपुरी

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक 1931 /5ए दिनांक 21.11.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 मैनपुरी द्वारा लोक निर्माण विभाग में सुसंगत श्रेणी ए, बी, सी, एवं डी में भवन में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैनपुरी | जनपद मैनपुरी में ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट वेयर हाउस की मरम्मत एंव रंगाई पुताई का कार्य। | 9.80 | 0.98 | 500+225+GST (Rs. 856.00) | 01 माह |

3. बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आनलाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक 02.12.2026 से 07.12.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक 07.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जायें एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टैक्निकल बिड दिनांक 07.12.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से प्रहरी के माध्यम से खोली जायेंगी।

4. विभागीय दर से कम निविदा प्राप्त होने पर शासनादेश संख्या 86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 दिनांक 23.05.2026 में निर्गत प्राविधान लागू होगे।

5. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र. 261840 दिनांक 26/11/2026
Website: www.upgov.nic.in

(डी0सी0 भूकेश)
अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0, लो0नि0वि0, मैनपुरी



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता मैनपुरी वृत लोक निर्माण विभाग मैनपुरी

(अल्पकालीन) ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

पत्रांक : 5057 /7एम0–मै0वृ0/2026–27 दिनांक : 20.11.2026

1. अधीक्षण अभियन्ता मैनपुरी वृत्त लो0नि0वि0, मैनपुरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य हेतु लो0नि0वि0 में 'ए, बी एवं सी श्रेणी (मार्ग कार्य) में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होंगे। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें।

2.

| क्र सं | जनपद / खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत निम्न मार्गों पर मरम्मत का कार्य। | | | | |
| 1 | फिरोजाबाद /निर्माण खण्ड–2 | रूपसपुर से दतौजी मार्ग। | 40.00 | 4.00 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 4 Month |
| 2 | | बुर्ज नत्थू बम्बा की पटरी से टूण्डला अवागढ़ रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण। | 42.00 | 4.10 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 4 Month |
| 3 | | नियामतपुर मार्ग से रामपुर बल्लूपुर मार्ग। | 36.00 | 3.60 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 3 Month |
| 4 | | टूण्डला चन्द्रेश्वर मार्ग थार गोला से थार नाथू सम्पर्क मार्ग। | 62.50 | 5.13 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 4 Month |
| 5 | | जलेसर मार्ग से नगला सौंठ होते हुये उदयगढी मार्ग। | 48.00 | 4.40 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 4 Month |
| 6 | | मोहबल्ली से पहाड़ीपुर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 34.75 | 3.48 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 3 Month |
| 7 | | बझेरा चौराहे से कुतुकपुर साहिब मार्ग। | 40.75 | 4.04 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 4 Month |

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आनलाइन देखे जा सकते है तथा दिनांक 30.11.2026 से 05.12.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाईन बिड दिनांक 05.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 05.12.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे प्रहरी एवं ई–टेण्डर पोर्टल पर खोली जायेगी।
4. शासनादेश संख्या–317/तेईस–2–2018–176 सं0/2006 टी0सी0–1 दि0 10.04.2019 के अन्तर्गत धरोहर धनराशि कॉलम सं0–5 के अनुसार तथा निविदा शुल्क कॉलम सं0–6 के अनुसार भुगतान ऑनलाइन (नैट बैंकिग) द्वारा किया जायेगा।
5. निविदा की अन्य शर्तें टी0–2 में देखी जा सकती है एवं अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, फिरोजाबाद

अधीक्षण अभियन्ता
मैनपुरी वृत, लो0नि0वि0, मैनपुरी

उ.प्र. 261815 दिनांक -26/11/2026 Website: www.upgov.nic.in